STATUTORY RESOLUTION SEEKING APPROVAL OF CONTINUANCE IN FORCE OF PRESIDENT'S PROCLAMATION UNDER ARTICLE 356 OF THE CONSTITUTION IN RELATION TO THE STATE OF JAMMU AND KASHMIR

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): Sir, I beg to move:

"That this House approves the continuance in force of the Proclamation issued by the President on the 18th July, 1990 under article 356 of the Constitution in relation to the State of Jammu and Kashmir, for a further period of six months with effect from the 3rd September, 1991."

4.00 P.M.

Sir, as the House is aware, in view of the then prevailing situation in Jammu and Kashmir, a Proclamation under Article 356 of the Constitution in relation to the State of Jammu and Kashmir was issued by the President on the 18th July 1990, on the recommendation of the Govenor. Earlier, on 19-1-1990, the Governor of Jammu and Kashmir assumed to himself the powers of the State Executive and Legislature. Placing the Legislative Assembly of the State under suspension, under the provisions of section 92 of the Constitution of Jammu and Kashmir. A month later, on 19-2-1990, the State Assembly was dissolved by the Governor in exercise of his powers under the State Constitution. As the law and order and security situation in the State of Jammu and Kashmir continued to be disturbed, the approval of both the Houses of Parliament was obtained for continuance in force of the Proclamation dated 18th July 1990 in relation to the State of Jammu and Kashmir for a further period of six months with effect from 3rd March 1991. The current spell of President's rule in Jammu and Kashmir will expire on 2-9-1991.

The Governor of Jammu and Kashmir, in his report, dated 22nd July, 1991, addressed to the President of India, has reported that the current security and political situation is such as would not permit carrying on the government of the State in accordance with the provisions of the Constitution when the Proclamation currently in force expires on 2nd September, 1991. The Governor has informed that though the security forces have largely contained the situation on the ground by maintaining sustained pressure on the subversive and secessionist elements and have achieved notable success in accounting for a large number of militants including several top leaders and area-commanders belonging to various militant organisations and recovering huge quantities of arms and ammunitions, the security situation remains difficult. A few thousand stray militants are active in the Kashmir Valley with a large number of arms and ammunitions and explosives available to them and a few thousands are known to be waiting across the line of control. The agencies across the border have been trying to infiltrate as many of the trained Kashmiri youth as possible in a detremined bid to escalate militant activities in the Valley during the summer and autumn months before the passes become snowbound in the winter season and imparting more intensive training to them in sophisticated arms and ammunitions and also in guerilla warfare and wireless communications.

The Governor has further reported that there has been a change in the mood of the people and also in the thinking among sections of the militants due to the growing realisation that secessionist objectives are not going to be achieved through

[Shri M. M. JACOB]

armed violence and an increasing disenchantment with Pakistan for having used them for its own ends. The Governor has also reported that over 450 Pakistan-trained militants surrendered with arms during the last eight months. However, people hesitate to come out openly against the militants because of the persisting fear of the gun. The Governor has also reported that the change in the mood of the people however could also not get direction and momentum because of the continuing political vacuum in the Valley withh ardly any meaningful activity by leaders and cadres of mainstream political parties. The Governor has summed up by saying that the situation remains grim and challenging.

The terrorists have considerable capability to strike at the security forces and other services. Of late, the terrorists have started striking at soft targets which had been left alone, as illustrated by the abduction of the two Swedish engineers, the abduction and attack on a group of Israeli tourists and the kidnapping of the IOC Executive Director, Shri K. Doraiswamy. The Governor is of the view that it is essential to maintain sustained pressure on the militants. The Governor has further reiterated that restoration of the political process leading to elections is not feasible in the near future. Further, the Delimitation Commission set up after 1981 census has yet to complete the work of fresh delimitation of constituencies. This work is likely to take a few more months. In view of the just-mentioned circumstances, the Governor has recommended that the President's rule in the State may be extended for a further period of six months, with effect from 3-9-1991. Acording to the provisions of Article 356 of the Constitution of India as applicable to the State of Jammu and Kashmir, the President's proclamation under Article 356 can continue in the State for three years, subject to six-monthly approval of both House of Parliament. Keeping in view the situation prevailing in the State and taking all the the relevant factors into consideration, there seems to be no alternative but to continue the President's Proclamation dated 18-7-1990. It is, therefore, proposed that the President's Rule in Jammu and Kashmir may be continued for a further period of six months with effect from 3-9 1991. In view of the position explained, I solicit the approval of this august House to the Resolution. Thank you.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA (Uttar Pradesh): Sir, I move:

> "That in the said Resolution for the words "six months", the words 'three months" be substituted."

The questions were proposed.

The VICE-CHAIR (SHRI M. A. BABY): The Statutory Resolution and the amendment are now open for discussion. Shri Shankar Dayal Singh.

श्री शंकर दयाल सिंह : (बिहार) : उपसभाध्यक्ष जी, गृह मंत्री जी ने सदन के सामने यह जो संकल्प रखा है उसका समर्थन विवेकशील तरीके से करना बड़ा मुश्किल है लेकिन आज जो राजनीतिक परिस्थितियां ह और देश के कई हिस्सों में जिस तरह की स्थिति कायम है, उसको देखते हुए इसका विरोध करना भी बड़ा मुश्किल हो रहा है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इस सदन में जब कभी पंजाब और कश्मीर में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने का प्रस्ताव आया, संकल्प आया तो बार-बार यही कहा गया कि यह 6 महीने की अवधि इसलिए बढ़ाई जा रही है कि इस बीच सरकार इन स्थितियों पर काबू पा लेगी लेकिन इस सदन का तजुर्बा है, देश का तजुर्बा है और सबका तजुर्बा है कि स्थिति बद से बदतर होती जा रही है चाहे वह पंजाब हो या कश्मीर । इसके लिए हम केवल आतंक-

बाद को दोष देकर अपना दामन नहीं छुड़ा सकते हैं। ऐसा कहना बहुत बड़ी भूल होगी। यह उसी तरह की भूल होगी जैसे रेगिस्तान में जब बहुत बड़ा तूफान उठता है तो वह जो एक चिड़िया होती है वह अपनी चोंच को बालू में गाढ़ देती है ताकि ऊपर से वह तूफान चला जाए और नतीजा यह होता है कि कितनी ही चिड़िया, कितने ही लोग बालू के नीचे दब जाते हैं। ठीक यही स्थिति कश्मीर में और पंजाब में दिखाई दे रही है।

महोदय, सरकार ने यह कहा कि 6 महीने के लिए वहां के राज्यपाल ने राष्ट्रपति शासन बढ़ाने की अनुशंसा की है। हमारे एक मित्र ने इसमें संशोधन का प्रस्ताव किया है कि इसे 3 महीने के लिए बढ़ाया जाए, बात 3 महीने या 6 महीने की नहीं है। बात यह है कि सरकार वास्तव में किस प्रकार उस स्थिति से निपटने का प्रयास कर रही है? जो कुछ भी इस सदन के सामने पिछले दिनों में मामले आते रहे हैं, उपसभाध्यक्ष जी, आप भी उनके गवाह रहे हैं कि जिस तरह से आतंकवाद कश्मीर में बढ़ा है, जिस तरह से कश्मीर में अपहरण की घटनाएं बढ़ी हैं, जिस तरह से कश्मीर में पाकिस्तानी घुसपैठ बढ़ी है, जिस तरह से कश्मीरी नौजवानों को पाकिस्तान में प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिस तरह से वहां नागरिकों को देश की जो केन्द्रीय धारा है, मुख्य धारा है उससे ऐलिमिनेट किया जा रहा है, इन सब चीजों की जवाबदेही किसके ऊपर है? इनकी जवाबदेही सरकार को अपने ऊपर लेनी पड़ेगी। राष्ट्रध्वज और राष्ट्रपति का अन्य देशों में दर्जा है, लेकिन राष्ट्र का कोई हिस्सा राष्ट्रपति शासन से नहीं चल सकता क्योंकि राष्ट्रपति और राष्ट्रध्वज राष्ट्र की गरिमा भले ही हों, लेकिन राष्ट्र की गरिमा के लिए राष्ट्रपति शासन काम नहीं कर सकता। आप जो संकल्प लाए हैं जैसा मैंने कहा इसका राजनीतिक रूप से समर्थन करना या राजनीतिक रूप से विरोध करना दोनों हमारे लिए कठिन है, लेकिन जब कभी भी रचनात्मक रूप से विपक्षी दल के सहयोग की आवश्यकता सरकार को हुई है, विपक्षी दलों ने सरकार को सहयोग दिया है यद्यपि आपने रचनात्मक मूल्यों के आधार पर कोई क्रियात्मक कार्य नहीं किया है। इसलिए मैं कह रहा हूं कि जो सूचियां प्रतिदिन अखबारों में कश्मीर के बारे में हम देखते हैं, जो रिपोर्ट हम देखते हैं, उनसे ऐसा लगता है कि अगर पिछले महीने में कश्मीर में हत्याओं का जो दौर चला उसमें सौ या डेढ़ सौ मारे गए तो दूसरे महीने में यह संख्या उससे बढ़कर सौ पचास अधिक हो जाती है।

श्रीमन, माननीय गृह मंत्री जी ने इस सदन में स्वीकार किया है कि कश्मीर के बारे में जो पाकिस्तान की दखलअंदाजी है वह बहुत पुरजोर ढंग से बढ़ी है। हम यह भी जानते हैं कि हमारी इंटेलिजेंस और हमारी सरकार इन बातों में बिल्कुल फेल्योर रही है। कोई व्यक्ति हमारा जो अपहृत होता है चाहे वह अधिकारी हो, या पदाधिकारी या बुद्धिजीवी हो, कश्मीर के वाइसचांसलर हों या दोराईस्वामी हो, उनका अपहरण होता है तो इसकी सरकार को जानकारी न पहले होती है, न उस समय होती है, न बाद में मिल पाती है। इन स्थितियों से हमारा कश्मीर गुजर रहा है कि कश्मीर को हमने स्वर्ग का टुकड़ा कहा था जिसको देखने के लिए जिसकी झीलों को देखने के लिए दुनिया के लोग आते हैं। कश्मीर के निशातबाग और शालीमार के दृश्यों को अपने सामने रखकर वहां लोग जाते हैं। वहां की डल झील और वुलर झील को हम दुनिया का सबसे बड़ा मनोरम केन्द्र समझते हैं। जिसे कश्मीर की शैव परंपरा और बौद्ध परंपरा को सारी दुनिया जानती है उसको आपके आज कहां पहुंचा दिया। हमारा सौभाग्य है कि एक ऐसे राज्यपाल यहां बैठे हुए हैं जो कश्मीर में रह चुके हैं वह स्वयं बताएंगे कि हम वहां की स्थितियों से कहां से कहां चले जा रहे हैं। केवल आप एक संकल्प लेकर कहते हैं कि हम उन स्थितियों

[श्री शंकर दयाल सिंह]

पर काबू पा लेंगे । अगर आप कहते कि काश्मीर में और पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि फिर नहीं बढ़ाई जाएगी, हम वहां पर डाइरेक्ट चुनाव कराएंगे, डाइरेक्ट लोगों के पास जाएंगे तो हमें खुशी होती । माननीय गृह मंत्री जी ने 20-25 दिन पहले इसी सदन में कहा था कि वे स्वयं वहां जाकर आतंकवादियों से बातचीत करेंगे, गुमराह नौजवानों से बातचीत करेंगे, मैं नहीं जानता कि गृह मंत्री गए या नहीं गए, उनकी बात हुई या नहीं हुई । अगर हुई तो क्या रिजल्ट निकला । मैं आज तक नहीं समझता कि नई जो सरकार बनी कांग्रेस की, जिन बड़ी-बड़ी उम्मीदों पर कांग्रेस सरकार बनी कि वह देश में अमनो चैन ला देगी, हम नहीं समझते कि कांग्रेस की सरकार ने काश्मीर में अमन, चैन और शान्ति लाने के लिए एक भी कदम आगे बढ़ाकर काम किया हो । उस काश्मीर को, जिसको हम स्वर्ग कहते थे, जिसके बारे में पढ़ने में हम समझते हैं कि देश के सबसे ऊंचे गौरव मुकुट के बारे में हम बातें करते हैं, जिसकी ऊंचाई की हिमालय से तुलना करते हैं, आज वहां पर एक अदना सा पर्यटक जाते हुए डरता है । कोई भी पर्यटक हिन्दुस्तान के नक्शे को लेकर हिन्दुस्तान में आता है तो उसको कहा जाता है कि हिन्दुस्तान के किसी भी हिस्से में जाना, कन्याकुमारी में जाना, असम में जाना, कहीं भी जाना लेकिन काश्मीर में मत जाना जब कि वह पर्यटक यह सोचकर चलता है कि मैं जब भारत जा रहा हूं तो काश्मीर देखने जा रहा हूं । भारत सरकार क्या करे ? इन संकल्पों के द्वारा हिन्दुस्तान की अस्मिता की रक्षा नहीं कर सकती । मैं गृह मंत्री जी से साफ शब्दों में दो अपील करना चाहता हूं । पहली बात तो यह है कि पहले आप इस बात को स्वीकार कर लें कि सरकार इसमें फेल हो गई है सरकार इस काश्मीर के मामले को कंट्रोल नहीं कर सकती, तब बात की शुरूआत नये ढंग से करेंगे। उसके लिए आपको सदन की कमेटी गठित करनी चाहिए । आपको याद होगा, एक से एक कानूनविद यहां बैठे हुए हैं, पुराने सदस्य भी हैं, जहां कहीं भी राष्ट्रपति शासन लागू होता था दोनों तो दोनों सदनों की सलाहकार समिति गठित होती थी और उस सलाहकार समिति की हर महीने बैठक होती थी और उस सलाहकार समिति के माध्यम से डिसकशन होकर कार्य चलते थे । आज हम अंधेरे में रहते हैं । बिल्कुल अंधेरे में रहते हैं, पता नहीं चलता है । सरकार इस बात को नैतिक जवाबदेही मानकर कि हम से नहीं होगा तो इस मामले में जो विद लोग हैं उनसे बातचीत करे । लेकिन मामले को सुलझाने के बजाय और भी उलझ रहा है । यह जो मामला उलझता जा रहा है इसका नतीजा यह है कि कश्मीर में अशांति है, पंजाब में अशांति है । पंजाब में अशांति है तो देश के दूसरे हिस्सों में भी अशांति हो जाती है । कहीं पीलीभीत का नजारा देखने में आता है तो कहीं आन्ध्र का मामला, जिसके बारे में आज सुबह चिंता प्रकट की गई। मैं अनुरोध करना चाहता हूं सरकार से कि पहली बात यह है आप दोनों हाऊसेज की सलाहकार समिति अविलम्ब गठित करें और उस सलाहकार समिति के द्वारा वहां बातचीत के जरिये काम हो । दूसरी बात यह है कि प्रधान मंत्री और गृह मंत्री को कश्मीर में जाकर कश्मीर के लोगों से बात करनी चाहिए । केवल यहां से हवा देखकर हम आजकल किसी को शांत नहीं कर सकते । हमको उन समस्याओं से टकराना होगा, जूझना होगा, उनका हल निकालना होगा ।

दूसरी बात यह है कि कश्मीर में जो आपका सुरक्षा बल है, चाहे वह सेक्योरिटी फोर्सेज के लोग हों या दूसरी सेक्योरिटी

के लोग हों, मैं समझता हूं अखबारों के देखने से, उनमें से कुछ लोगों से बातचीत करने से पता चलता है कि उनके हाथ पांव भी आपने बांध रखे हैं। वे भी डरते हैं किसी तरह की कार्रवाही करते हुए। मैं समझता हूं जो सुरक्षा बल आपका है, सुरक्षा कर्मचारी जो आपके हैं उनको आप पूरी छूट दीजिए ताकि स्थितियों से वे किसी तरह से निपट सकें। जब यह बात साबित हो गई है कि पाकिस्तान के इशारे पर वहां सब कुछ हो रहा है, पाकिस्तान से वहां अवैध हथियार पहुंच रहे है, पाकिस्तान में वहां के लोगों को ले जाकर ट्रेनिंग दी जा रही है, पाकिस्तान के इशारे पर वहां गड़बड़ियां पैदा की जा रही है तो ऐसी हालत में यह जरूरी है कि सुरक्षा कर्मचारियों को आप बराबर मुस्तैदी के साथ छूट दें जिससे वे इस समस्या से निपट सकें।

हमारे सामने राष्ट्रपति शासन की अवधि 6 महीने और बढ़ाने का यह जो प्रस्ताव आया है जिसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 356 के अधीन 18 जुलाई 1990 को जारी की गई उदघोषणा के 3 सितम्बर, 1991 से छः माह की और अवधि के लिए प्रवत रहने का अनुमोदन करती है। मेरा हृदय गवारा नहीं देता कि मैं इसे स्वीकार करू। इसलिए मेरा हृदय गवारा नहीं देता क्योंकि आप जनता को लेकर जनतंत्र की रक्षा नहीं कर रहे हैं आप इन संकल्प के द्वारा जनतंत्र की रक्षा नहीं कर सकते। मै दो—तीन दिन पहले मास्को, रूस में जाकर देख आया हूं। वहां मैंने देखा है कि जनता की ताकत क्या होती है। और जनता के द्वारा किसी तरह से होता है। आप वहां की जनता में विश्वास प्राप्त करने के लिए दिल्ली में बैठ कर प्रस्ताव पारित करेंगे तो नहीं होगा। आपको वहां जाना पड़ेगा मै आपको चुनौती के साथ कहता हूं कि आप एक बार यह एलान कर दीजिए कि लोक सभा और राज्य सभा की एक बैठक एक हफ्ते या पन्द्रह दिन के के लिए कश्मीर में होगी सारे मैम्बर वहां चलें और समझें वहां की स्थिति को मैं समझता हूं कुछ हल निकल सकता है इन शब्दों के साथ यह जो प्रस्ताव आया है मै इसका समर्थन नहीं करता हूं। बल्कि मै सरकार से यह अनुरोध करता हूं कि पुनः इन सब बातों पर विचार करें धन्यवाद।

SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman. Sir, I rise to support the Statutory Resolution so that the President's Rule can be extended from the 3rd September, 1991 in the troubled State of Jammu and Kashmir.

Sir, it is really sad and the also pathetic that we have to extend this Rule and the Government has to come to this House for the approval of this Statutory Resolution. I sincerely share the view just expressed by Dr. Singh that, ultimately, the solution lies not with the law, not with Statutory Resolutions, but with the people and the Government will have to find, what we call in this House off and on, an appropriate political solution. I have heard this word being used in this House in all its vagueness and it is being used by the Opposition parties and the Opposition leaders whenever we come to the question of Punjab and Kashmir and they urge upon the Government to have a political solution, never defining what the content of a political solution is.

Now, to have a political solution in a troubled spot like Kashmir has got various ramifications which this House, I hope, is aware of. Sir, you are aware of the history of this problem the difficulties the Kashmir people are facing and the atrocities that are let loose on the innocent people in this part of our country.

[The Vice-Chairman (Dr. Shankar Singh) in the Chair.]

The first premise with which this debate must begin is that Kashmir is an integral part of India. Let me share something with this House in this connection.

Recently, I had been to the International Parliamentary Union Conference where a big delegation from Pakistan had come and the only agenda of that delegation was the Kashmir problem only. Pakistan has been trying to internationalise the problem of Kashmir and, for that purpose, they are trying to exploit all the formus, all the situations, notwithstanding its ramifications and implications for the people of this region.

Sir, we had a tough task, let me tell you, to meet the arguments which contained a sort of comouflaged propaganda against our army, against our poiticians, against our leaders, against the people of India, let loose by the Pakistani leaders. Ultimately, as you are aware, international opinion is shaped by various methods and by various influences and interests that they have got in the entire region including India and Pakistan. It was a very weclome suggestion of Dr. Singh, as he observed, that there should be reciprocity between the people. But I really fail to see—and I am making it a sort of point before this House—what role the polictical parties are playing? What are the politial parties doing? which political party is working in Kashmir? What is the political obligation of the political parties of India? Is it only to talk in this House? Is it only to express their views in one way or the other? Or, is there some definite obligation or responsibility which must be shared by every political party with regard to such problems? We read every day, I always open the newspaper just to get some rude shock about what is happening in Punjab and what is happening in Kashmir. Recently, as you are aware, Sir, Mr. Kosi has been abducted and kidnapped. In broad daylight, the kidnapping took place. We have one hostage freed, and another hostage is there. There is militancy that is overtaking the people. And when you speak of political situation and political solution, the political parties must become alert. They must go there. That sense of oneness which is germane cannot be injected to the people of Kashmir by making speeches from here. And I find to my utter suprise that every time we blame the Government that you have not put a proper Governor, you have not put a proper person to govern the State or that your rule has not been very successful. Is this the way to find a political solution?

Mr. Vice-Chairman, Sir, I have a feeling that the political parties are not rising to the occasion that the Kashmir problem demands. We carry on several types of agitations, several types of movements in this country. But I do not find any organised movement even to support those refugees who have come from Kashmir, any organised effort to settle them politically so that they will feel that this country is ours, that there is no disparity between an Indian who resides beyond Kashmir and within Kashmir. What movement is there? 80 crores of people inhabit this country and such a small issue cannot be solved? And here, I feel that there is a failure of our political organisation. It is not a failure of the Government. After all, the Government whichever Government is there whichever party is in power, it is immaterial—is an articulation of the people's will, and that people's will is articulated by the political parties. And they have to be active, whether it is Punjab or Kashmir. The answer must be found there. It is our responsibility, it is the responsibility of all the political parties, and we must share it boldly.

Sir, it is undoubtedly true that the law and order situation is serious, there is violence and militancy. And all sorts of problems are created within the area which we call Kashmir. And that is also affecting now, I am told, even the other part, the Jammu. People are at their wit's end to find security. Police cannot provide security. It is the people's will, it is the people's support that can give a sense of security. This applies not only to Kashmir but also to Punjab. As I said, I have a strong grievance that there is no political movement worth the name on both these issues, whether it is Punjab or Kashmir. Sir, when Mr. George Fernandes started negotiations, you are aware of the fate of Mir Mustafa or Maulvi Farooq's fate. He dined with them; opend some negotiations, and they were undone. If you want, as you said from there, Sir, that the Minister should go and talk, I think, his fate would be sealed. He would be on the hit list. Unless a determined public opinion is aroused, this militancy cannot be over-powered. The mechanics of power is the people. People's power alone can settle this issue. If you want, Sir, there is ample evidence of this in our freedom struggle. A country without any arms faced the most organised army that ruled this country and ultimately achieved what is called 'freedom'. A non-violent public opinion was created and that was created by the political leadership. It is very-very unfortunate that we pass on the buck here and there that too mainly on the governmental machinery and try to find fault with the Government machinery.

The aspects that surround the Kashmir problem are manifold and before I conclude I want to mention some of them. I spoke it about once in respect of such a Resolution. First is the question of Pakistan-occupied territory, Pakistan-occupied Kashmir. The Government has to come out with its stand on this particular area because this particular area, as the report suggests, is a channel for providing all militancy to the other areas. You must have seen Kashmir. You can see that the Pakistan-occupied territory is causing a security hazard not only to Kashmir itself but to the Indian population. The second aspect that surrounds is Pakistan's attitude and perspective with regard to Kashmir. We cannot just ignore it. The perspective lies deep in the history of Kashmirs accession to us which was undoubtedly made possible by the astute leadership of the guiding the affairs of the country. It is unfortunate that we are not in a position to consolidate the gains so achieved by our leaders. But Pakistan's perspective is, as you are aware, to internationalise the Kashmir issue. We stand by, and are committed to the Shimla Agreement.

Those of you who must have read the Shimla Agreement and Pakistan's interpretation of the Shimla Agreement and India's reply to the Shimla Agreement interpretations will be aware that Pakistan still feels that under the Shimla Agreement we have agreed to a plebiscite. They don't want any other thing but a right to self-determination which is not available to any part of a sovereign country. This is a historical fact that Pakistan wants to gloss over by giving interpretation to the Shimla Agreement itself. It is necessary that all the parties come to some conclusion as to what is the meaning of the Shimla Agreement and what should be focussed before the public and international community in this regard. As I said, I don't find a very honest effort in this regard.

Then the third aspect which has been mentioned and which has been accepted by you, Sir, while speaking is concerning Pakistan injecting the material here which will help the militancy.

[Shri Bhaskar Annaji Masodkar]

Now there too, I am not sure whether Pakistan alone has to be blamed or there are other countries which are similarly situated and having a direct animus against Indian peace, against India's unity, integrity as well as the problems this nascent country is facing. I am sure, a political thought is necessary to find out the exact contours of these various problems. It is not enough to say that Kashmir's problem is a law and order problem or there is militancy, because if it is a question of meeting easy to send the army to fight it out even by risking a war. These are very simplistic solutions. But when the political leaders speak of political solutions, you have to find out political solutions. You just mentioned that election is one solution. But how will you hold elections? Where will you hold elections if people cannot even talk? As I said, as soon as Mir Mustafa or Farooqi talked, they were undone. If that is the situation, where is the question of opening a talk? With whom will you open a talk? How will you resolve the issue? It is, therefore, necessary, in my humble view, that we realise the difficulties facing the Kashmiris, how the problem has grown, and share the responsibility squarly and clearly.

As far as the amendment moved by Shri Malaviya is concerned, I have only one word to say, that it is really misconceived. The period is six months; but if the Government feels that a political solution is at hand with the co-operation of all the political parties, I think this period of six months can be brought down to two months or three months any time. So, I hope, Mr. Malaviya will not be serious about pressing his own amendment.

In the end, I share, and I want this House to share the pathos and the anxiety that one feels as one looks at Kashmir, the plight of the Kashmiris. To Which religion they belong is immaterial. Militancy is not affecting a particular religion; it is affecting the basic citizen of this country. I do not talk of boundary of Kashmir. sitting in Delhi. For feelings transends the boundary. I have heard political leaders saying that when he hears that somebody has been killed, he does not feel like taking his meals. That is the sense of oneness and belonging and is available in this country. If that sense of responsibility and that sense of serious thought is devoted by the political parties who are willing to go and risk their own political future, surely, in my humble view, that is the only way to find out a solution. For that, all the political parties should support the Government resolve to bring out a political solution within the stipulated period and that too, with determination and dedication which always is necessary in a political battle. Thank you.

श्री कृष्ण लाल शर्मा (हिमाचल प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, हम फिर एक बार इस सदन में जम्मू काश्मीर में 6 महीने के लिय राष्ट्रपति शासन को बढ़ाने के लिए इस विधेयक पर विचार कर रहे हैं और सदन के सामने यह व्यवस्था है कि हम चाहें न चाहें लेकिन इस अवधि को बढ़ाने के बारे में और कोई रास्ता बचा हुआ नहीं है । लेकिन प्रश्न यह है कि जो 6 हम महीने की अवधि बढ़ा रहे हैं क्या पिछले अनुभवों के आधार पर हम कह सकते है कि जो हमने अब तक अवधि बढ़ाई है उससे कुछ वहां परिस्थिति में सुधार हुआ है काश्मीर की परिस्थिति पहले से कुछ सुधरी है ।

उपसाध्यक्ष जी, मैं दो बातें यहां इस सदन के सामने बड़ी गंभीरता से रखना चाहता हूं । एक यह कि हमारी सरकार कश्मीर की परिस्थिति के बारे में राष्ट्र को अंधे में रख रही है । वहां

वस्तु स्थिति क्या है, इस समय कितने सिविलियन लोग वहां मौजूद हैं, वहां कोई आफिस चलता है कि नहीं चलता है, सरकार के वहां आकाशवाणी तथा टेलीविजन के आफिस हैं कि नहीं है वहां कोई बैंक है कि नहीं है, वहां परिस्थिति वास्तव में है क्या इसके बारे में कभी भी अच्छी तरह से लोगों को अवगत नहीं कराया जाता और लोगो को अंधेरे में रखा जाता है ।

दूसरी बात यह है कि हम कश्मीर को बाकी सारे देश के प्रदेशों से कोई अलग दर्जा देने के लिए तुले हुए है । हम समझ नहीं पाते कि कश्मीर को हम अलग किसी भी स्टेटस के लिए क्यों इनसिस्ट कर रहे हैं ? लेकिन कौनसा ऐसा कारण है जिससे हम इंप्रेशन यह दे रहे है कि या तो हमारी कोई इंटरनेशनल आब्लिगेशन है, या शिमला समझौते में हम कुछ बंधे हुए हैं ? या कोई और बातें हैं, जिसके कारण से हम कश्मीर को ऐसी स्थिति में डाले हुए है कि जो कानून बाकी जगह पास होते हैं, वह वहां लागू नहीं होते । यह परिस्थिति बहुत गंभीर है मेरे मन में एक आशंका है कि कश्मीर की परिस्थिति दिन ब दिन बिगड़ती जा रही है ।

मैं आज सरकार से यह भी पूछना चाहता हूं कि उस समय निर्णय लिया गया—हमारे वहां पर गवर्नर थे श्री जगमोहन जी, उनको वापिस बुला लिया गया और यह इसलिए बुलाया गया कि शायद उनके वहां होते हुए परिस्थिति ठीक नहीं हो पा रही थी या एक घटना हो गई थी ।

मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि वह स्पष्ट करे अगर श्री जगमोहन, गवर्नर, को हमने वापिस बुलाया और श्री सक्सेना को वहां भेजा तो उनके जाने के बाद क्या इंप्रूवमेंट हुआ है कि क्या यह इंप्रूवमेंट हुई है कि इस बार 14 अगस्त को सारी वैली में ब्लैक डे मनाया गया ? क्या यह इंप्रूवमेंट हुई है कि वहां पर खुले आम एक सशस्त्र प्रदर्शन हुआ मेरी जानकारी यह है ।

सरकार इसका स्पष्टीकरण दे कि मिलिटेंटस खुलेआम बाजारों में शस्त्र लेकर—उसका फोटो समाचार पत्रों में सभी जगह इस देश में छपे हैं और खुलेआम सी० आर० पी० एफ० और बी०एस०एफ० के लोग उनके साथ थे । उनको यह आर्डर था कि यह मिलिटेंटस जो है वह प्रदर्शन कर रहे हैं शस्त्र लेकर जा रहे है इन पर कोई गोली नहीं चलाई जाएगी कोई, इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं की जाएगी

मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या यह सत्य है ।

SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY (Assam): This is a very serious allegation.

SHRI KRISHAN LAL SHARMA: I want to know from the Government whether the militants came out with an open demonstration with the help of CRPF and BSF. I want to know whether they were with them.

या गवर्नमेंट को पता ही नहीं था, इतना बड़ा प्रदर्शन हो गया और कोई साथ था ही नहीं । यह क्या हो रहा है आखिर उस प्रदेश में इस समय इतनी गंभीर परिस्थिति होरही है और 15 अगस्त को वहां पर बायकाट किया गया है, जोकि हमारी आजादी का दिन था, और सरकार का कोई एक्शन नहीं है ।

आखिर 14 अगस्त को वह ब्लैक डे मनाते हैं पाकिस्तान का झंडा लहराते हैं, खुलेआम वहां पर इस तरह के प्रदर्शन हो रहे है मिलिटेंटस जा रहे हैं । वह किसी को भी उठा कर ले जाते हैं फिर उसके बदले में बारगेनिंग करते हैं । हमारी सरकार वहां पर झुकती है । सबकी चिंता थी कि दुरैस्वामी छूट कर आयें, लेकिन क्या यह अब मि०बी० एल० खोसा, न्यू जनरल एश्योरेंस के मैनेजर जो हैं, वह उनके

[श्री कृष्ण लाल शर्मा]

केप्टिव हैं और भी कुछ लोग है--क्या यह क्रम चलता रहेगा ?

क्या पाकिस्तान को हम यह मैसेज देना चाहते है कि अगर मुटठी भर मिलिटेंटस को हम डील नहीं कर सकते तो कल को अगर पाकिस्तान अटैक कर देगा या पकिस्तान से झगड़ा हो जाएगा तो हम उससे क्या मुकाबला करेंगे ? हम पकिस्तान को क्या मैसेज दे रहे हैं। क्या पाकिस्तान इस समय खुलेआम शिमला समझौत को वायलट कर रहा है ?

हमारा रेस्पांस क्या है? अगर यहां पिछले दिनों फारेन सैक्रेटरी लैवल टाक्स हुए हैं। मै पूछना चाहता हूं कि उसमें क्या बातचीत हुई है ? यह कितनी चिंता का विषय है कि पाकिस्तान के प्रधान मंत्री नवाज शरीफ ने, जिस समय यहां फारेन सैक्रेटरी लैवल टाक्स हो रही थी, वही समय उसने चुना कि वह पाक आक्युपाइड कश्मीर में गय और वहां जाकर उन्होने भारत को धमकी दी कि कश्मीर का इशु हल होना और इसके लिए अगर वार भी करनी पड़ी तो इसके लिए हम तैयार है। आज हमारे प्रधान मंत्री कह रहे हैं कि हम तो शिमला समझौता के आधार पर ही अपने संबंध सुधारना चाहते हैं। क्या यह रेस्पांस है हमारा ? और शिमला समझौता की धज्जियां उड़ाई जाएं एक भी कोई बात अगर पाकिस्तान ने मानी हो ? मैं सदन के सामने, उपसभाध्यक्ष महोदय, यह कहना चाहता हूं, अपनी सरकार को कहना चाहता हूं कि कभी-कभी इतनी हिस्टोरिकल ब्लंडर्ज हो जाती है जिसका फिर कभी कोई इलाज नहीं होता। शिमला समझौता जब हमने किया था, समय हमारे पास पाकिस्तान के 90 हजार कैदी थे, जिस समय उनकी भूमि हमारे पास थी, हमारा अपर हैंड था, उस समय अगर हम उनको कहते कि हमारा जो काश्मीर का इलाका है पहले खाली करो तब हम बात करेंगे तो मेरा ख्याल है कि हम उस समय काश्मीर खाली करवा लेते। हमने क्या किया हमने उनको फौजें भी वापिस कर दीं, उनकी भूमि भी वापिस कर दी, हमने अपना छंब का इलाका भी उनको दे दिया और आज शिमला समझौते के आधार पर हम कह रह हैं कि काश्मीर का इश्यू हल होगा। मैं यह जानना चाहता हूं कि सरकार काश्मीर के इश्यू को हल करने के लिये अभी फिर उन्होंने 18 सितम्बर को इस्लामाबाद में फारेन सक्रेटरी लवल पर बात करने का फैसला किया है। आखिर क्या ब्रीफ है इस सरकार का हमारे फारेन सेक्रटरी को क्या बात हो रही है ? क्या कोई एक भी जरा सा संकेत है कि पाकिस्तान ने हस्तक्षेप बन्द कर दिया है, क्या शस्त्र आना बन्द हो गया है, क्या मिलिटेंट्स की ट्रेनिंग भी बन्द हो गई है ? मैं यह जानना चाहता हूं कि पाक आकपाइड जो एरिया है वह हमारा है या नहीं ? वह सरकार अगर अपना मानती है तो वहां अगर कोई ट्रेनिंग कैंप हैं तो उन ट्रेनिक कैम्पस को नाक आउट करना यह हमारे अधिकार में है। हमें उनको स्मैश करना चाहिये। हमें उसको यह नहीं मानना चाहिये, यह बात तो मान कर चलिये कि अगर पाकिस्तान को लड़ाई का कोई डर नहीं है और हमें लड़ाई का भय है तो हम हमेशा मार खाते रहेंगे। अगर पाकिस्तान को लड़ाई का डर नहीं है, जो दो बार हमारे साथ बुरी तरह से लड़ाई में हार चुका है 1965 और 1971 में, तो भारत को यह स्पष्ट घोषणा करनी चाहिये कि हम भी अपने काश्मीर के इलाके को वापस लेने के लिये, शिमला समझौते में बात-चीत से मसला हल होगा तो ठीक, अगर लड़ाई की भी जरूरत होगी तो हम लड़ाई करेंगे, लेकिन अपना इलाका अवश्य वापिस लेंगे। इस सदन के अन्दर मैं यह बात अपने सदन के सदस्यों को कहना चाहता हूं उपसभाध्यक्ष महोदय जी, कि हमने कई बार ऐसे रेजोल्यूशन पास किये हैं, 1962 में चाइना का जब आक्रमण हुआ हमारे दोनों सदनों में रेजोल्यूशन पास हुआ कि हम अपनी एक-एक इंच भूमि विदेशियों से खाली करवायेंगे। वह हमारे प्रस्ताव पड़े हुये हैं। उस पर कोई एक्शन नहीं है। हमने उसके बाद 1986 में प्रस्ताव पास किया

इसी राज्य सभा में कि हम इंडो-पाक बार्डर पर सैक्युरिटी बैल्ट लागू करेंगे। सैक्युरिटी बैल्ट लागू नहीं होती। आप कहते हैं कि सैक्युरिटी बैल्ट लागू नहीं हो सकती। उस समय यह चिंता थी कि नहीं जल्दी होना चाहिये। मेरा यह कहना है कि जब तक हम पाकिस्तान के खिलाफ सख्त नीति नहीं अपनायेंगे और हम यह तय नहीं करेंगे इस समय जो काश्मीर में स्थिति है, मैं यह स्पष्ट कहना चाहता कि अब काश्मीर की स्थिति कभी ठीक नहीं होगी जब तक हम उसके अन्दर अपने घर में छिपकर लड़ते रहेंगे, जब तक हम वहां से निलकर इस लड़ाई को पाक की बाउंडरी में नहीं ले जायेंगे तब तक इस काश्मीर की स्थिति का कोई हल नहीं है। इसलिये मैं यह जानना चाहता हूं कि सरकार अब यह स्पष्ट करे कि इतने दिनों में वहां पर क्या सुधार हो रहा है, क्या इंप्रूवमेंट हो रही है और इस 6 महीने में वह कौन सी इंप्रूवमैंट करेगी ? हम क्या कर रहे हैं कि वहां रिजनल इंबैलेंसेज क्रिएट करते जा रहे हैं। काश्मीर के लोग पहले नाराज हैं, अब जम्मू के लोग भी नाराज हैं और लद्दाख के लोग भी नाराज हैं। हम रिजनल डिवलपमेंट कौंसिल को क्यों वहां स्थापित नहीं कर रहे हैं ? क्यों हम वहां पर तीनों कौंसिलज को और बराबर का वहां पर शेयर देकर उनकी डिवलपमेंट के लिये काम नहीं कर रहे हैं ? मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं, उपसभाध्यक्ष महोदय, कि अगर सरकार ने यह पक्षपातपूर्ण रवैया न छोड़ा तो जम्मू में भी नाराजगी पैदा होगी, लद्दाख में भी पैदा होगी, काश्मीर वाले तो पहले ही सबके सब नाराज बैठे हुये हैं। हमने अपने संविधान की अपनी रक्षा करनी है, हमारे गृह मंत्री बार-बार यह घोषणा कर चुके हैं कि हम जल्दी काश्मीर जाना चाहते हैं, कब जायेंगे? मैं चाहता हूं कि हमारे राज्य मंत्री यहां बैठे हुये हैं वह यह बतायें कि हमारे गृह मंत्री कब काश्मीर जायेंगे और मैं यह आफर करना चाहता हूं कि गृह मंत्री अगर वहां जायें तो अकेले नहीं जायें, बाकी जो अन्य राजनीतिक दल हैं उनके नेताओं को भी साथ लेकर जायें ताकि सब लोग वहां जाकर अपनी आंखों से काश्मीर की परिस्थिति को देखें कि वहां पर क्या हो रहा है और किस तरह से लोग वहां पर इस समय काम कर रहे हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि शिमला समझौते के बारे में अगर पाकिस्तान उसका पालन करने के लिये तैयार नहीं है तो भारत सरकार इसके बारे में क्या कहना चाहती है ? एक बात और बड़े दुख से कहनी पड़ेगी और वह है कि वहां से जो लोग निकल कर आये हुये हैं, 50 हजार परिवार वहां से आ चुके हैं। कुछ लोग जम्मू में और कुछ दिल्ली में हैं और जब भी सरकार से पूछा जाता है तो वह कहती है कि हम तो इन्हें स्थाई रूप से वापिस भेजना चाहते हैं। इसलिये न उन्हें यहां मदद मिल रही है और न वे वापिस जा रहे हैं। इस लिये या तो सरकार जिम्मेदारी ले कि हम दो महीने के अन्दर, छः महीने के अन्दर यह स्थिति पैदा कर देंगे कि वह वापिस जा सकें क्योंकि कौन अपना घर छोड़ना चाहता है। वे लोग खुशी से तो यहां नहीं आये हुये हैं। इसलिये जब तक वे यहां पर हैं, यह सरकार का नैतिक कर्तव्य है कि चाहे जो नौकरियों से अलग हुये लोग हों या उनको रोजगार नहीं मिल रहा है, शरण नहीं मिल रही हो, रोजगार नहीं मिल रहा हो, एजुकेशन नहीं मिल रही है---इस सब की व्यवस्था की जाये। यह मानवीय आधार पर हमें करना ही चाहिये। इसके अलावा इस समस्या के और जितने पक्ष हैं, जो मायग्रेंट्स या विस्थापित हैं,उनके बारे में हमें गंभीरता से सोचना चाहिये। इसके लिये भारत सरकार को एक निश्चित पालिसी, एक कंसिस्टेंट पालिसी काश्मीर के बारे में बनाना चाहिये क्योंकि काश्मीर में अब एडहाकिज्म से बात नहीं बनेगी कि आज एक पालिसी, कल दूसरी पालिसी और परसों तीसरी पालिसी। इसके अलावा वहां गवर्नर को अकाऊंटेबल होना चाहिये। गवर्नर से पूछना चाहिये कि उन्होंने इन दिनों में

[श्री कृष्ण लाल शर्मा]

कौन से सुधार वहां पर किये क्योंकि वहां पर इतनी गंभीर घटनायें हो रही हैं, इतना किडनैपिंग हो रहा है और सरकार ने वहां पर कितनी ह्यमिलिएशन स्क्वैलो की है, इन सारी स्थितियों के बारे में हमें विचार करना चाहिये ।

महोदय, जैसाकि मैंने कहा काश्मीर अभी ऐसे मोड़ पर खड़ा है कि अगर हमने हिम्मत से काम किया तो काश्मीर बच पायेगा और अगर हम ने कदम-कदम पर कमजोरी दिखायी और पाकिस्तान के इन झासों में आते रहे कि आज नहीं कल, कल नहीं परसों हम पाकिस्तान से संबंध सुधार लेंगे तो इससे काम नहीं चलेगा । पाकिस्तान से संबंध सुधारने के लिये भी आपको अपनी ताकत का परिचय देना पड़ेगा क्योंकि पाकिस्तान के बारे में हम जानते हैं कि वह कौनसी भाषा समझता है । जब तक उससे उसी भाषा में बात नहीं की जायेगी जिस भाषा को वह समझता है तब तक काश्मीर का मसला हल नहीं होगा । इसलिये मैं ये तीनों बातें कह रहा हूं, कि रिजिनल इंबैलेंसेज को तत्काल समाप्त कर इसके बारे में विचार किया जाय । वहां के जो विस्थापित हैं, उनकी स्थिति के बारे में केन्द्र सरकार और वहां की प्रदेश सरकार गंभीरता से सोचे और उनकी सहायता करे और तीसरी बात यह है कि काश्मीर को बचाने के लिये अपनी नीतियों में जहां आवश्यक परिवर्तन की जरूरत है, वह किया जाय और काश्मीर के दिमाग से यह एक बात निकाली जाय कि वह बाकी प्रदेशों से अलग एरिया है वह एक अलग आयरलैंड है हमारे देश में और उसके ऊपर कोई कानून लागू नहीं होता । महोदय, जिस दिन यह सारा संविधान हमारे इस काश्मीर में लागू होगा, उस दिन काश्मीर की समस्या हल होगी । इसी चेतावनी के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं । धन्यवाद ।

[The Vice-Chairman (Shri Bhaskar Annaji Masodkar) in the Chair]

SHRI KAPIL VERMA (Uttar Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to support most heartily the motion for extension of Proclamation for another six months in J&K. Sir, as the House is aware, the situation in Kashmir is very grim. The newspaper reports which are coming almost daily from that area give ominous indications, if you read the two statements of the Pakistan Prime Minister and the retiring Army Commander together. There has been the Pakistan Prime Miinster's threat the other day that there may be another war, there may be a war between Pakistan and India if the Kashmir issue is not solved. Also there is the threat from the Pakistan retiring Army Commander. In fact, you know about the history of Pakistan. Whenever there is internal trouble there, to divert the attention of their people they talk of Jehad, of holy war against India. They are seriously troubled because of what is happening in Punjab, in Sindh. There is the ethnic crisis, a near civil war and all that. So, they will try to divert the attention of their people by stirring up trouble against India.

We know Kashmir very well. As the newspaper reports suggest and as I have talked to my friends, after a long time the situation has hotted up to a great pitch. In the last two months the traffic for Kashmir was closed, but suddenly it has increased. My information is, that the Pakistan army people in civilian dress have now come. Earlier foreigners used to come, the trained people used to come, the Kashmiri militants who were taken across the border used to come. But the information we are now getting is—I hope the Government will tell me whether it is right or wrong—that Pakistani Army people are coming in civilian dress to India, are coming to our areas in Kashmir and they are foment trouble. We have seen what happened on 14th of August, on Pakistan Independence Day. That day, the Pakistan flag was hoisted, there were demonstrations, and our security

forces took down that flag the next day when our national flag was flown. They are now trying to destroy the bridges which connect important towns to the rural areas, and I hope the Minister will tell me whether it is correct or not. I have received information that important areas like Pehalgam, Shekan and Kangam, even they, have been cut off from the rural areas. So, all these things happening there ring a big alarming bell. Now the important thing is that the reports which I have received say that these militants are now trying to spread their tentacles to the Jammu area also. I have heard that these militants are now coming into the Dhoda and Kistwar areas with a lot of arms, with most sophisticated arms, and they are now taking shelter in certain houses there, and things have come to such a pitch that they are now planning the same type of trouble there which is happening in Kashmir and, in fact, a friend of mine says the situation in Jammu today is as bad as it was in 1987-88 in the Kashmir Valley itself. I would like the Government to tell me what are its reports about these things.

The other day, a daily newspaper has published a long interview of the Governor, and I will not waste the time of the House by reading it out. But I would say that the Governor has emphasized the need for a political dialogue. Political dialogue with whom?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): The Governor's report was read out. The gist of it was read out by the Minister.

SHRI KAPIL VERMA: I was not here, I am sorry. So the important thing is that a proper climate has to be created, which would enable a fruitful dialogue. For that an atmosphere has to be created.

As you said while you were speaking, Sir, the political parties have to play their role. We cannot abdicate our responsibilities and leave everything to the Administration, leave everything to the Governor, leave everything to the Army. Political people—the political workers, the political activists—have to go there and perform their duty. They cannot abdandon their own people in the time of distress. This is the duty of all political parties. But, Sir, I would also add to this, a proper atmosphere has to be created for this, which would enable their functioning and, for that, the law and order situation in that area has to be improved. Proper protection has to be given to the political workers and also to the groups with which talks can be opened because, as you must have found, whenever there is a move for talks with any political group there in Kashmir, the particular people with whom the talks are going to be held are immediately killed; they are targetted. So, some such thing must be done. Now, of course, elections are far away, the idea is far away, but some kind of a political process must start. This is what I feel.

5 P.M.

Sir, there is a lot of uncertainty about the Governor. He appears to be reluctant. During the interviews he gives from time to time or during his talks with MPs he is not sure of himself, and this is not a very happy situation. I hope the Government will take immediate measures, will take a firm decision whether this Governor is to continue or someone else has to go there. If somebody else has to go there, he must be appointed immediately, a vigorous, active man. Or, if the present Governor has to continue, all the rumours must be quashed so that he will have a firm grip over the administration.

SHRI SHANKAR DAYAL SINGH: A point of order, if you permit me.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Yes, Yes.

SHRI SHANKAR DAYAL SINGH: According to the bulletin, we are here sitting up to 5-00 P.M. It says:

> "Unless otherwise notified the time of sittings of the Rajya Sabha during the 160th Session will be from 11-00 A.M. to 1-30 P.M. and 2-30 P.M. to 5-00 P.M."

तो आप क्या इससे आगे भी. . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI (BHASKAR ANNAJI MASODKAR): We will put it to the House.

श्री शंकर दयाल सिंह : क्योंकि बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में इस पर कोई निर्णय नहीं हुआ । इसलिये पहले सदन से पूछ लें कि क्या 5.00 बजे के बाद बैठना उचित होगा । पहले दिन ही हम इसका उल्लघंन कर दें, यह उचित नहीं होगा ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): There is a valid point of order, and I put it to the House, whether we should continue with this discussion. What is the sense of the House?

SOME HON. MEMBERS: Tomorrow, not today.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): This is an important subject.

SHRI SHANKAR DAYAL SINGH: But you should take the sense of the House.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Just listen. The Business Advisory Committee has taken a decision, I am told, that this subject should be finished today, sitting beyond 5-00 P.M. So, we will continue. So, your point of order, though valid, does not remain.

SHRI KAPIL VERMA: Sir, only one minute. May I be permitted to finish it in one minute?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Yes.

SHRI YASHWANT SINHA (Bihar): Sir, the BAC announcement should be made in the House. Nobody has done that.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): That is what I am announcing.

SHRI YASHWANT SINHA: Are you announcing it from the Chair?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Yes, Yes, I am announcing it as far as this subject is concerned, and the point of order was there.

. . . . . .

SHRI YASHWANT SINHA: I am saying this because Mr. Shankar Dayal Singh has said in his intervention that the BAC has not decided about it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Therfeore, I made it very clear from the Chair that this is the decision of the Business Advisory Committee. So, we will go by that.

Yes. Mr. Verma, you please conclude.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY (Uttar Pradesh): I don't want to interrupt. I think at no time have we sat beyond 5-00 P.M. on the first day. The decision of the Business Advisory Committee comes into effect only from the next day after the announcement. It is for you to decide.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): As has been reported, the Business Advisory Committee took the decision with regard to today, the busi-

ness of today. It they have taken the decision, I think,.....

श्री जगेश देसाई (महाराष्ट्र) : आज पास कर दो।

SOME HON. MEMBERS: Tomorrow.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): I have no objection. (*Interruptions*) As far as time is concerned, I have no objection. It is for you to decide. If you want to follow the Business Advisory Committee or you want to take your own decision, it is up to you. What is the sense of the House?

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: We should adjourn today at 5-P.M.

SHRI KAMAL MORARKA: (Rajasthan): The sense is to adjourn the House.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): What does the Leader of the House say?

SHRI M. M. JACOB: Sir, I was here listening to the speeches, and I did not attend the Business Advisory Committee. But usually what the hon. Members said is true that on the first day we adjourn at 5-00 P.M.

But considering that this Resolution is expiring actually on the 2nd of the next month... (*Interruptions*). I am told that the Business Advisory Committee has suggested to sit beyond this time today also. If that is so, I feel that we can go up to six o'clock. If we are able to finish it, we will finish it. I am leaving it to you. I don't want to argue on this.

SHRI YASHWANT SINHA: Sir, the Minister also has no objection. Let us adjourn.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): I have also got no objection, but I am telling the Members so that you should be conscious enough that you are over-ruling the Business Advisory Committee's recommendation. You are entitled to it. The recommendation is that we should finish the subject. But as the consensus appears to be that we should adjourn the House, I adjourn the House till tomorrow.

The House then adjourned at six minutes past five of the clock till eleven of the clock on Tuesday, the 27th August, 1991.